तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 15 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
डीजल चोरों ने सीआईएसएफ की गाड़ी पर चढ़ाई गाड़ी, तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### शिक्षक फेडरेशन 17 को रहेंगे हड़ताल पर

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के आह्वान पर 17 जनवरी को जिला स्तर पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में मोदी की गारंटी सहित 4 सूत्रीय मांगो को लेकर फेडरेशन ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर धरना-प्रदर्शन की अनुमति व सूचना दी है। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार साण्डे ने बताया कि यह प्रदर्शन मोदी की गारंटी के तहत चार सूत्रीय मांगों को लेकर किया जा रहा है, जिसमें सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, एलबी संवर्ग शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान देने, पूर्व सेवा की गणना कर शिक्षा विभाग में समस्त लाभ प्रदान करने टेट की अनिवार्यता को खत्म करने एवं स्वयं के मोबाइल से वीएसके ऐप्स से उपस्थिति बंद करने सहित अन्य प्रमुख मांगें शामिल हैं।

### धान उपार्जन केंद्रों में गड़बड़ी, दो समिति प्रबंधक हटाए गए

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित तुमान और कोरकोमा के धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रारंभिक व्यवस्था में कई कमियां सामने आईं। जांच में पाया गया कि किसानों से लाए गए धान को किसान बोरे से सीधे समिति बारदाने में पलटी कर खरीदी की जा रही थी। इसके अलावा स्टेकिंग सही ढंग से नहीं की गई, हमालों की उचित व्यवस्था नहीं थी और अन्य कई अव्यवस्थाएं पाई गईं। शिकायत की जांच के बाद सहकारी समिति कोरबा के प्रबंधक प्यारेलाल साहू और तुमान के समिति के प्रभारी प्रबंधक रंजीत कंवर को समिति प्रबंधकीय दायित्वों से पृथक किया गया है। सभी केंद्रों में किसानों के हित और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही धान खरीदी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### 22 को गांव में निकलेगी विराट शोभायात्रा

**मड़वारानी।** ग्राम तुमान 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर बजरंग समिति तुमान एवं एमजे बाबा ग्रुप तुमान के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामवासियों के पूर्ण सहयोग से ग्राम स्तर पर दूसरी बार श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर पूरे ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी उत्साह और भक्तिमय माहौल बना हुआ है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि शोभा यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं बजरंगबली हनुमान जी की झांकियाँ श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस दौरान डीजे, धुमाल, आकर्षक लाइटिंग एवं आतिशबाजी की व्यवस्था की गई है। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में रामभक्त, युवा, महिलाएं एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में भगवा ध्वज थामे शामिल होंगे।

### नशामुक्ति के प्रभावी संचालन हेतु सौंपे गए दायित्व

**कोरबा।** जिले में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी को रोकने और नशामुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इस हेतु अलग-अलग विभागों को विशिष्ट उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं ताकि जिले में नशामुक्ति के प्रयासों को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाया जा सके। प्रशासन ने जमीनी स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों को मुख्य भूमिका सौंपी है। कोरबा, कटघोरा, पाली, पोड़ी-उपरोड़ा और करतला जैसे क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी को सक्रिय किया जाएगा। साथ ही कोरबा, दीपका, बांकी मोंगरा, कटघोरा, छुरीकला व पाली नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों में अब हर सप्ताह अनिवार्य रूप से नशामुक्ति रैलियां आयोजित की जाएंगी।

# जिले में तैयार किया जाएगा हॉकी का एस्टोटर्फ और इनडोर स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में हॉकी का एस्टोटर्फ और इनडोर स्टेडियम तैयार किया जाएगा। इसके लिए जमीन चयन के कार्य को अंतिम रुप दिया गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इन दोनों खेलों के लिए पिछले लंबे समय से लंबित पड़े कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को जमीन चयन के काम का जिम्मा सौंपा है।

औद्योगिक जिला कोरबा में खेलों के आयोजन को लेकर सार्वजनिक उपक्रमों के अपने अपने खेल स्टेडियम मौजूद है। वहीं नगर पालिक निगम का इंदिरा स्टेडियम भी खेलों के लिए उपलब्ध है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए और भी सुविधाएं बढ़ाने के लिए राज्य शासन की ओर से योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश जिला प्रशासन को निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में हॉकी के लिए एस्टोटर्फ तैयार करना एवं इनडोर स्टेडियम बनाए जाने की घोषणा राज्य शासन ने की थी। इसके लिए जमीन चयन का काम लंबित पड़ा हुआ था। जबकि दोनों सुविधाएं खेल के क्षेत्र में अति महत्वपूर्ण है। नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पदभार संभालते ही इन दोनों लंबित योजनाओं की जानकारी ली तथा इस दिशा में अब तक किए गए कार्यो की जानकारी और इसके लिए जमीन चयन किए जाने को लेकर शीघ्र कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया है। कलेक्टर श्री दुदावत के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों ने इनडोर स्टेडियम और एस्टोटर्फ निर्माण को लेकर जमीन चयन का काम पूरा कर लिया है। आने वाले दिनों में निर्माण को लेकर कार्ययोजना बनाई जाएगी।

## खेल को प्रोत्साहन देने तैयार की योजना

**खास बातें**

- जिला प्रशासन ने जमीन चयन के काम को दिया अंतिम रूप
- शुरु होगा निर्माण कार्य



### इन्फ्रास्ट्रक्चर पर होगा कार्य : दुदावत

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा है कि जिले में विकास कार्यों को लेकर योजनाएं बनाई जा रही है उसके अनुसार कार्य किया जाएगा। जिले के ऐसे क्षेत्र जहां इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य की जरुरत होगी उन क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर का कार्य किया जाएगा। उन क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य किया जाएगा। जिले में विकास के कार्य के लिए बनाई गई योजना को सुनिश्चित तरीके से शासन की मंशानुरुप अंतिम रुप देने का काम होगा।

## बिलासपुर से विश्रामपुर तातापानी जा रहे थे युवक

# तेज रफ्तार वाहन हाईवे पर हुआ अनियंत्रित 40 फीट खाई में गिरा, दो युवक जले जिंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ईको वाहन में टेंट का सामान लेकर बिलासपुर से दो युवक देर रात को विश्रामपुर तातापानी के लिए रवाना हुए थे कि तड़के वाहन अनियंत्रित हो गई और लगभग 40 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के होते ही एक वाहन में आग लग गई। वाहन में सवार दोनों युवक जलकर खाक हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम व दमकल की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया गया। कार में लगी आग इतनी तेज थी कि कार में सवार दोनों युवक जलकर राख हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बिलासपुर तोरवा निवासी गोपाल चंद्र ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- मोरगा चौकी क्षेत्र के मदनपुर फारेस्ट बेरियर के समीप तड़के हुआ हादसा


घटना के बाद ईको वाहन में लगी आग।


जांच पड़ताल करती पुलिस व इनसेट में मृतक।

### चार लोगों की हो चुकी है मौत

कटघोरा अंबिकापुर मुख्यमार्ग ऐसे भी हादसों के नाम से जाना जाता है। इस मार्ग में अक्सर बड़े हादसे होते हैं, जिसमें कई लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि बुधवार की तड़के मदनपुर फॉरेस्ट बैरियर के समीप हादसे में जिस स्थल पर दो युवकों की मौत हुई है। उसी स्थल पर वर्ष 2023 में एक पुलिसकर्मी और उसके परिवार इसी तरह के सड़क हादसे का शिकार हुए थे। इस हादसे में कुल चार लोगों की मौत हुई थी। बताया जाता है कि जिस स्थान पर हादसा हुआ है वह स्थल नाले के समीप है और वहां की सड़क अनबैलेंस है जिसकी वजह से जैसे ही लोग हाईवे पर रफ्तार पकड़ते हैं और वहां पहुंचते ही वहां गाड़ी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार होते हैं। जिला प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सड़क को सुधारने की दिशा पर विशेष पहल करनी चाहिए।

# किसानों के जहर खाने के मामले की जांच में खुल रही हकीकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार तहसील के अंतर्गत दो किसानों द्वारा टोकन नहीं काटे जाने के साथ रकबा के रिकार्ड में सुधार नहीं किए जाने के मसले को लेकर दो किसानों के द्वारा कीटनाशक पदार्थ का सेवन किए जाने का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन द्वारा कराई गई जांच में कई तरह के मामले सामने आ रहे हैं। जिसमें फर्जी मामला भी उजागर हो रहा है।

इस मामले के अनुसार हरदीबाजार तहसील के ग्राम पुटा निवासी समार सिंह गोंड़ के द्वारा टोकन नहीं कटने को लेकर सोमवार को जहर सेवन किया था। जब इस मामले की प्रशासन के द्वारा जांच शुरु की गई तो कई चौंकाने वाले मामले सामने आए हैं। बताया जाता है कि किसान के द्वारा जिस खसरा नंबर की जमीन का टोकन काटने को लेकर आवेदन दिया गया था जिस पर घटना के बाद प्रशासन के द्वारा जांच शुरु की गई तब मौके पर उक्त जमीन में किसी तरह की फसल नहीं लिए जाने के मामले की पुष्टि हुई। राजस्व अमले के द्वारा मौकास्थल पर जाकर जमीन का अवलोकन किया गया जहां किसी तरह की फसल किसान के द्वारा नहीं ली गई थी। दूसरा चौंकाने वाला यह मामला सामने आया है कि जिस जमीन के आधार पर किसान के द्वारा धान बेचने का प्रयास किया जा रहा था उक्त जमीन को किसान के द्वारा चांपा जांजगीर निवासी किसी राठौर नामक व्यक्ति को पहले ही बिक्री कर दी गई थी। ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- हरदीबाजार तहसील क्षेत्र में धान बिक्री नहीं हो पाने पर दो किसानों ने खाया था जहर

# नगर निगम नजूल के पास एक सप्ताह के भीतर जमा करेगा 3 करोड़ की बकाया राशि


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम में अब जल्द ही फ्री होल्ड की समस्या दूर होने जा रही है। दरअसल नगर निगम को नजूल विभाग के पास लगभग 6 करोड़ रूपये की राशि जमा करनी थी। जिसमें भू भाटक के साथ अधोसंरचना, पर्यावरण शुल्क भी शामिल है। निगम द्वारा पूर्व में 295 करोड़ रूपये की राशि नजूल में जमा की गई थी। शेष राशि जमा करने से संबंधी प्रस्ताव एमआईसी की बैठक में पास कर ली गई है। एक सप्ताह के भीतर नगर निगम द्वारा शेष तीन करोड़ की राशि नजूल विभाग में जमा कर दी जाएगी। जिसके बाद फ्री होल्ड के लिए आवेदन करने वाले लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही नये आवेदन भी लिए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम पूर्व में साडा (विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण) था। अविभाजित मध्य प्रदेश के समय वर्ष 1973 में 73 गांवों को शामिल करते हुए साडा का गठन किया गया था। साडा के समय ही 90 के दशक में कोसाबाड़ी क्षेत्र की करीब 210 एकड़ के साथ ही अलग अलग क्षेत्रों में जमीन अधिग्रहित की गई। इस जमीन को भूखंड व आवास बनाकर लीज पर आबंटित किया गया। इसमें अभी राजेन्द्र प्रसाद नगर, शिवाजी नगर, साडा कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर, नेहरू नगर कॉलोनी, टीपी नगर बसा है। साडा के बाद नगर निगम का गठन हुए भी 27 साल से भी अधिक का समय बीत चुका है। इसके बाद भी नजूल विभाग को भूभाटक की राशि जमा नहीं की गई थी। यही वजह है कि राजस्व विभाग में यह जमीन अभी भी निगम के नाम से पूरी तरह ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- राशि जमा करने के बाद जल्द हटेगी फ्री होल्ड पर रोक, फिर लिए जाएंगे आवेदन


फाइल फोटो

### जमा करायी जाएगी राशि

पूर्व में निगम द्वारा नजूल विभाग में 2 करोड़ 95 लाख की राशि जमा की गई थी। शेष 3 करोड़ बकाया राशि जमा करने संबंधी प्रस्ताव निगम की एमआईसी से पास करा लिया गया है। एक सप्ताह के भीतर बकाया राशि नजूल विभाग में जमा करा दी जाएगी।

-**अनिरूद्ध सिंह**, संपदा अधिकारी, नगर निगम

# लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर होगी कठोर कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के राइस मिलर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम कंवर सहित जिले के राइस मिलर्स उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य धान उठाव, मिलिंग सहित अन्य प्रक्रिया को शासन के निर्देशानुसार सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संचालित करना रहा।

कलेक्टर श्री दुदावत ने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा निर्धारित समस्त प्रक्रियाओं का शत-प्रतिशत पालन किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि धान उठाव से लेकर मिलिंग तक की पूरी व्यवस्था सुव्यवस्थित, समयबद्ध और पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि किसानों, शासन और मिलर्स सभी के हित सुरक्षित रह सकें। बैठक में कलेक्टर ने गाड़ियों की आवाजाही, लोडिंग, धान उठाव एवं मिलिंग से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समिति को निर्देशित किया कि धान परिवहन में लगी प्रत्येक गाड़ी के आगे एवं पीछे नंबर प्लेट की फोटो अनिवार्य रूप से ली जाए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो सके। साथ ही अनावश्यक या लंबे समय तक गाड़ियों को रोके जाने पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने सतर्क एप के माध्यम से प्राप्त होने वाले अलर्ट्स पर विशेष ध्यान देने को कहा और निर्देशित किया कि अनावश्यक अलर्ट न आएं, इसके लिए सभी प्रक्रियाओं का सही ढंग से पालन किया जाए। उन्होंने पीवी (फिजिकल वेरीफिकेशन) पर विशेष सतर्कता बरतने और किसी भी प्रकार के मिसमैच की स्थिति उत्पन्न न होने देने के निर्देश दिए। लोडिंग के संबंध में उन्होंने गाड़ियों की निर्धारित क्षमता के अनुरूप ही लोडिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया।



## खबर संक्षेप

### रकबा काटने के कारण किसान आत्महत्या को मजबूर : उत्तम



**कोरबा।** प्रदेश में धान खरीदी कि अव्यवस्था पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने आज यहां कहा कि प्रदेश सरकार की अव्यवस्था के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रकबा घटने के कारण किसानों का धान नहीं बिक रहा। जिससे किसान आत्महत्या करने मजबूर हो रहे हैं। श्री जायसवाल प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उनका कहना है कि डबल इंजन की सरकार के ना मंत्री ना अफसर किसी के भी कानों में जूँ तक नहीं रेंगा, ये अपने अहंकार में अपनी गलती को ना मानने को तैयार हैं और ना सुधारने को तैयार हैं, भले ही किसानों को इनकी गलती का खामियाजा अपनी जान देकर चुकाना पड़े। इससे पहले भी किसानों ने प्रशासनिक कारणों के चलते आत्महत्या की है लेकिन ये पहला मामला है जब किसी किसान ने धान खरीद की अव्यवस्था को लेकर अब तक प्रदेश में 3 किसानों ने आत्महत्या करने का प्रयास किया है। ये सीधा सीधा इनकी धान खरीद पर लाई नई पॉलिसी की नाकामी और अपने धान खरीदी के 21 क्विंटल के वादे से बचने के लिए बीमा कंपनियों जैसे प्रलोभन देने के बाद नीचे नियम और शर्तें लागू जैसे रास्तें अपना रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि केंद्र में भी इन्होंने ऐसे ही स्वामीनाथन की सिफारिशे लागू करने का वादा करके किसानों को ठगा। अब छत्तीसगढ़ राज्य में भी वही काम कर रहें हैं। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ ये मांग करती है है किसानों का कोई रकबा ना काटा जाए और एग्रीस्टेक पंजीयन की अनिवार्यता को भी खत्म किया जाए व सरकार की गलती की वजह जिन किसानों का रकबा कटा हैं उनको जितना रकबा कटा है उस हिसाब से उनकी फसल का जितना मूल्य होता है उतना मुआवजा दिया जाए व अस्पताल में भर्ती किसानों को अच्छे प्राईवेट अस्पताल में पूरा इलाज कराया जाए जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार उठाए। अन्यथा आम आदमी पार्टी प्रदेश के किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर किसानों के साथ मिलकर सड़क पर प्रदर्शन करेगी।

### अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरी बोलेरो, 5 घायल



**राजपुर।** बलरामपुर जिले में तातापानी महोत्सव देखने जा रहे बोलेरो ग्राम अलगडीहा के समीप अनियंत्रित होकर पुल से 15 फुट नीचे जा गिरी। इस दुर्घटना में बोलेरो वाहन में सवार पांच लोगों को गंभीर चोट आने पर इलाज हेतु राजपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। बताया जा रहा है तातापानी में आयोजित मकर संक्रांति महोत्सव में शामिल होने के लिए जशपुर जिले के ग्राम बगीचा से बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 14 एमयू 1229 में सात लोग सवार होकर तातापानी महोत्सव देखने के लिए जा रहे थे। इस दौरान दोपहर लगभग ढाई बजे जैसे ही बोलेरो वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में भेड़ाघाट के आगे महान नदी व भेड़ाघाट के बीच पड़ने वाले पुल के समीप पहुंची वाहन अनियंत्रित होकर पुल से 15 फुट नीचे जा गिरी। घटना के बाद जानकारी लगते ही राजपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और बोलेरो वाहन में सवार पांच लोगों सूरजपुर जिले के रामानुजनगर पंडरीपानी निवासी 25 वर्षीय भीम आ. प्रभु दयाल, बगीचा पंडरापाठ निवासी 25 वर्षीय राहुल यादव आ. वैधराज, खैरापाठ निवासी 18 वर्षीय अंकुश यादव आ. विमल यादव, बगीचा निवासी 25 वर्षीय विवेक यादव आ. रामाधार यादव, खैरापाठ निवासी 26 वर्षीय संतोष आ. कमल प्रसाद को संजीवनी के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु भेजा दिया है। पुलिस ने बताया कि वाहन में लगभग 7 लोग सवार थे जिसमें से पांच लोगों उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि दो की तलाश जारी है। इस घटना में विवेक यादव, अंकुश यादव एवं भीम को गंभीर चोट आने पर अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है।

### खोडरी स्थित राजेश राइस मिल को किया गया सील

**अंबिकापुर।** समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में उदयपुर के ग्राम खोडरी के राजेश राइस मिल में की गई जांच के दौरान धान के उठाव में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर राइस मिल को सील करने की कार्रवाई की गई है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार 6 जनवरी को राजेश राईस मिल की जांच खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। भौतिक सत्यापन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 मे उठाए गए धान में से 6855 बोरी (2742 क्विंटल) धान कम पाया गया था। जिसका प्रकरण तैयार कर न्यायालय कलेक्टर सरगुजा को प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण में पायी गई विसंगतियों के कारण छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4(3), 6(1), 6(3), 9 एवं 12 का उल्लंघन पाए जाने के फलस्वरूप बुधवार को राजेश राईस मिल को आगामी आदेश पर्यन्त सील किया गया।

## साल भर में 77 हजार से अधिक लोगों को दी गई स्वास्थ्य सेवाएं

# बालको की आरोग्य परियोजना से सवा लाख लोगों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वर्ष 2025 में अपनी सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना आरोग्य के माध्यम से लगभग 1.2 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया। उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से बालको निरंतर समुदाय की सेवा कर रहा है। इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार को आत्मसात करते हुए कंपनी ने निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

आरोग्य परियोजना के अंतर्गत वर्ष भर में 77 हजार 700 से अधिक लोगों को प्राथमिक, निवारक एवं उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त, तीन ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से 3400 से अधिक नागरिकों को नियमित प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। साथ ही, बालको द्वारा संचालित दो मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) के माध्यम से 35 हजार 700 से अधिक लोगों तक प्रत्यक्ष स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं। इनमें से 16 हजार 800 से अधिक नागरिकों को नियमित पाक्षिक विज़िट, बुजुर्गों एवं असमर्थ मरीजों के लिए होम विज़िट, फिजियोथेरेपी तथा स्त्री रोग संबंधी विशेष शिविरों के माध्यम से लाभ मिला। मल्टी-स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप के माध्यम से 12 सौ से अधिक लोग लाभान्वित हुए, जिनमें सामान्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा, त्वचा रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग एवं आवश्यक जांच सुविधाएं शामिल रहीं। इस अवसर पर मोबाइल फिजियोथेरेपी यूनिट एवं



स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

लैब टेस्टिंग सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। बालको ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए कुपोषण एवं एनीमिया उन्मूलन के लिए व्यापक पहल की। 51 आंगनवाड़ी केंद्रों में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 3 हजार से अधिक बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें से 835 बच्चों को गंभीर, मध्यम एवं हल्के कुपोषण की श्रेणी में चिन्हित कर पॉजिटिव डिविएंस हेल्थ सत्र, टीएचआर प्रशिक्षण एवं होम विज़िट के माध्यम से विशेष देखभाल प्रदान की गई। वहीं गंभीर रूप से कुपोषित 18 बच्चों को जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में रेफर किया गया। एनीमिया उन्मूलन हेतु आयोजित 40 विशेष शिविरों के माध्यम से 1 हजार से अधिक गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं एवं किशोरियों को पोषण एवं आयरन सेवन के प्रति जागरूक किया गया। 'बेबी स्टेप्स टुगेदर' पहल के अंतर्गत 80 से अधिक दंपतियों को मातृत्व देखभाल में पिता की भूमिका के प्रति प्रशिक्षित किया गया। सामाजिक व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित स्वास्थ्य अभियानों के माध्यम से बालको ने प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर भी कार्य किया। नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यालयों, युवा चौपालों, नुक्कड़ नाटकों एवं जागरूकता शिविरों के माध्यम से 4,900 से अधिक युवाओं एवं समुदाय सदस्यों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं टीबी जागरूकता के 45 सत्रों के माध्यम से 500 से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाई गई तथा 130 से अधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया। वर्ष भर में कुल 35,000 से अधिक लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर जागरूक किया गया। बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के कोरबा, कवर्धा, सरगुजा एवं रायपुर जिलों के 123 गांवों में प्रतिवर्ष 2.1 लाख से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचा रहा है। कंपनी की स्वास्थ्य पहलें राष्ट्रीय स्वास्थ्य लक्ष्यों एवं सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप हैं।

## रेलवे लाइन विस्तार कार्य से प्रभावित वार्डवासियों ने बुनियादी सुविधाओं की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड क्रमांक 7 कृष्ण नगर के लोगों ने रेलवे लाइन विस्तार कार्य से होने वाली समस्याओं और रेलवे लाइन के किनारे सड़क, नाली निर्माण सहित धार्मिक स्थल के विस्थापन की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

वार्डवासियों ने कलेक्टर को जारी ज्ञापन में उल्लेख किया है कि रेलवे के इस नए प्रोजेक्ट से वार्ड की वर्षों पुरानी मुख्य सड़क बाधित हो जाएगी जिससे स्कूल, अस्पताल और बाजार जाने का मार्ग पूरी तरह बंद होने की कगार पर है। वार्डवासियों की मांग है कि कृष्ण नगर के दक्षिण में वर्तमान मुख्य सड़क के बाधित होने से पहले निवासियों के लिए स्कूल और अस्पताल पहुँचने के लिए वैकल्पिक पक्की सड़क बनाई जाए। वार्ड के पश्चिम दिशा में दो पुलियों के बीच सड़क और नाली का निर्माण अनिवार्य है वर्तमान स्थिति में पुलिया नीचे होने के कारण बारिश में वहाँ जलभराव और कीचड़ की समस्या पैदा होगी जिससे आवागमन ठप हो जाएगा। रेलवे लाइन की जद में आ रहे पूर्व दिशा स्थित हनुमान मंदिर को हटाने से पहले उसे श्रद्धा भाव के साथ किसी दूसरे स्थान पर पुनर्स्थापित किया जाए। वार्ड के पूर्व दिशा में संचालित सड़क को मुख्य मार्ग से जोड़ने की मांग की गई है ताकि कनेक्टिविटी बनी रहे। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी इन बुनियादी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक रेलवे लाइन का कार्य आगे बढ़ाना उनके हितों के साथ खिलवाड़ होगा। इस संबंध में उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा, तहसीलदार, नगर पालिका अधिकारी और रेलवे प्रबंधन को भी प्रतिलिपि भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## अग्निवेश के निधन पर शंकराचार्य का संदेश लेकर मुंबई पहुंचे ज्योतिर्मठ सीईओ





**मुंबई।** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश के निधन पर ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का शोक संदेश मुंबई पहुंचा। शंकराचार्य का संदेश लेकर ज्योतिर्मठ के सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय मुंबई पहुंचे और वायबी चव्हाण ऑडिटोरियम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अनिल अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी किरण अग्रवाल को संदेश पत्र भेंट किया। बताया गया कि अग्निवेश अग्रवाल की उम्र 49 वर्ष थी। वे अमेरिका में स्कीइंग के दौरान घायल हो गए थे। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान कार्डियक अरेस्ट आने से उनका निधन हो गया। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य ने अपने संदेश में दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान शंकराचार्य का संदेश पहुंचने पर परिजनों ने भावुक होकर आभार जताया।

## नपा अध्यक्ष ने बांकीमोंगरा में विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका परिषद के विभिन्न वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और क्षेत्र के कायाकल्प के उद्देश्य से सोमवार को कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। जिसमें वार्ड क्रमांक 13 कटाईनार 1 में सीसी रोड लागत 10 लाख रुपए एवं क्षेत्र पोस्टमार्टम कक्ष निर्माण कार्य लागत 9.11 लाख एवं वार्ड क्रमांक 16 प्राइमरी स्कूल घुड़देवा में नवीन भवन निर्माण कार्य लागत 17.65 लाख एवं प्राइमरी स्कूल डबरीपारा में नवीन भवन निर्माण कार्य लागत 17.65 रुपए में होगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सोनी विकास झा ने स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जिन सड़कों, नालियों और अन्य सामुदायिक भवनों की मांग लंबे समय से की जा रही थी, उन्हें अब धरातल पर उतारा जा रहा है। पालिका अध्यक्ष ने



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते नप अध्यक्ष व अन्य।

अधिकारियों और ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण हों। वहीं कार्यक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती झा ने वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी अन्य समस्याओं को भी सुना और जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। विकास कार्यों की सौगात मिलने पर वार्ड पार्षदों और स्थानीय नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि इन कार्यों के पूरा होने से आवागमन सुगम होगा और जलभराव जैसी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा मुख्य अधिकारी श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजयुमो छत्तीसगढ़ विकास झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, पार्षद व निर्माण समिति के अध्यक्ष श्रवण यादव, पार्षद व पीआईसी मेंबर प्रमोद सोना, पार्षद श्रीमती प्रमिला सायतोड़े, पार्षद अश्वनी मिश्रा, पार्षद ओम प्रकाश, मंडल कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री श्रीमती अनिता राजपूत, प्रकाश झा, प्रमोद खांडे, अनूपम दास सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## जिले में कांग्रेस के 15 नए ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ विचार विमर्श करने के बाद जिले के सभी 15 ब्लॉकों में नए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की है। एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट द्वारा जारी आदेश अनुसार दर्री जमनीपाली ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, कुसमुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा, बालको ब्लॉक अध्यक्ष एडी जोशी, कोरबा शहर ब्लॉक अध्यक्ष पालुराम साहू, बांकीमोंगरा ब्लॉक अध्यक्ष संजय आजाद, कोरबा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष अंजोर सिंह



पूर्व मंत्री से मुलाकात करते कांग्रेसी।

कंवर, पाली ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक अध्यक्ष भोला गोस्वामी, करतला ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण राठिया, कटघोरा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव, कटघोरा शहर ब्लॉक अध्यक्ष असरफ मेमन, बरपाली ब्लॉक अध्यक्ष संतोष देवांगन, दीपका ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह, हरदीबाजार ब्लॉक अध्यक्ष कुशल श्रीवास एवं पसान ब्लॉक अध्यक्ष जगतपाल अयाम को बनाया गया है। ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष पालुराम साहू, एडी जोशी, राजेन्द्र तिवारी एवं बसंत चंद्रा ने कांग्रस संगठन के पदाधिकारियों एवं अपने-अपने साथियों के साथ पूर्व मंत्री जयसिह अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान श्री अग्रवाल ने सभी नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को पार्टी की नीतियों के तहत कांग्रेस संगठन के सभी योजनाओं, कार्यक्रमों को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए कार्य करने को कहा। साथ ही इन नवीन नियुक्ति से जिले में कांग्रेस संगठन को एक नई उर्जा एवं मजबूती मिलने की उम्मीद जताई है। जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, पार्षदगण, सेवादल सहित कांग्रेस संगठन के सभी प्रकोष्ठ, विभाग मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों ने नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को उनकी नई भूमिकाओं के लिए शुभकामनाएं दी है।

## अखंड नवधा में जुट रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर सहित उप नगरीय क्षेत्र दर्री जमनीपाली, बालको एवं कुसमुण्डा क्षेत्र में जगह-जगह अखण्ड नवधा रामायण एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। टीपी नगर क्षेत्र के वार्ड क्र 4 मानस चौक राताखार में अखंड नवधा रामायण का आयोजन कराया जा रहा है जिसमें प्रभु श्रीराम के भक्त कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोद प्रसाद एवं वार्ड पार्षद रवि चंदेल भी श्रीराम कथा श्रवण करने कथा स्थल पहुंचे। जहां आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल एवं श्री प्रसाद ने प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना कर



नवधा रामायण का श्रवण करते श्रद्धालु।

क्षेत्रवासियों की मंगल कामना करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि इस वार्ड में पिछले 25 वर्षों से प्रतिवर्ष अखण्ड नवधा रामायण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए आयोजन समिति बधाई के पात्र हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन से जहां माहौल भक्तिमय रहता है वहीं क्षेत्र में भातृत्व भाव की भावना भी जागृत होती है । हमारी कामना है कि प्रभु श्रीराम आपके सभी मनोकामना पूरी करे। इस अवसर पर वेद प्रकाश दुबे, मोहन चंद्रा, चतुर देवांगन, शिव कुमार साहु, डॉ. संतोष पटेल, माधव पैकरा, विरेन्द्र पटेल, अश्वनी कुमार, अनिल विश्वकर्मा मानस मंडली के पदाधिकारी सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

## कोल्ड स्टोरेज में की गई चोरी को छिपाने मैनेजर ने लगाई थी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोल्ड स्टोरेज में आग लगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक ने कोल्ड स्टोरेज में की गई चोरी को छिपाने के लिए इस घटना को अंजाम दिया और फिर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मणिपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर चौक निवासी जयशंकर साहू की सांडबार बेरियर के समीप श्याम कोल्ड स्टोर संचालित है। इस कोल्ड स्टोरेज में महुआ और धान रखा जाता है और इसके देखरेख का जिम्मा विगत तीन वर्षों से पत्थलगांव निवासी मैनेजर टिकेश्वर यादव उर्फ बीर यादव करता था। 10 नवम्बर 2025 को व्यवसायी कोल्ड स्टोरेज के ऑफिस में बैठा था और मैनेजर टिकेश्वर से स्टॉक के बारे में जानकारी ली तो मैनेजर ने गोदाम में 356 बोरी महुआ होने की बात कही। संचालक ने मैनेजर टिकेश्वर को लेबर के साथ महुआ वाहन में लोड करने को कहा जिसके बाद टिकेश्वर लेबर के साथ गोदाम में गया और माल चेक करने के नाम पर ऊपर के तल पर



गया और कुछ देर बाद वापस आकर लेबरों को ऊपर जाने को कहा। जब लेबर ऊपर पहुंचे तो देखा कि महुआ डम्प किए हुए स्थान पर आग लगी थी। वहीं जब लेबर नीचे आए तो मैनेजर खुद धान की बोरियों में आग लगा रहा था। जब उन्होंने इसकी जानकारी संचालक को देने की बात कही तो मैनेजर भाग निकला। इस दौरान शोर सुनकर जब संचालक जयशंकर साहू भी मौके पहुंचा तो कर्मचारी ने उसे बताया कि आग लगी है और वह दमकल वालों को सूचित करने जा रहा रहा है और फिर वह एक ट्रॉली बैग लेकर अपनी कार क्रमांक सीजी 07 सीडी 3407 से भाग निकला। वहीं लेबर ने भी संचालकों को जानकारी दी कि मैनेजर ने गोदाम में आग लगाई है। ऐसे में संचालक ने कसी तरह आग पर काबू पाया। जब उन्होंने जांच की तो मौके पर सिर्फ 2 बोरी महुआ जला हुआ पड़ा था। ऐसे में व्यवसायी ने मामले की शिअक्यत पुलिस से की थी। पुलिस ने जांच उपरान्त फरार चल रहे आरोपी रायगढ़ के धरमजयगढ़ सिसि रिंगा न्विअसी 24 वर्षीय टिकेश्वर यादव उर्फ बीर आ. रेवानंद यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने 356 बोरी महुआ को धीरे धीरे चोरी कर बेचने और रकम खर्च करने की बात स्वीकार की। अपने चोरी को छिपाने और हिसाब देने से बचने के लिए उसने आग लगाया था। इस मामले में अब पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 326(जी), 316(3) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर सीपी तिवारी, सउनि अनिल पाण्डेय, शौकीलाल राज, आरक्षक सतेंद्र दुबे, उमाशंकर साहू, अनिल सिंह, रमाशंकर यादव सक्रिय रहे।

### 3 किलो पैंगोलिन शल्क के साथ 2 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र कुसमी के वन अधिकारियों ने तीन किलो पैंगोलिन शल्क के साथ 2 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पैंगोलिन शल्क की तस्करी में शामिल एक आरोपी झारखण्ड का जबकि दूसरा श्रीकोट का निवासी है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब्त पेंगोलिन शल्क की कीमत 9 लाख रूपए बताई जा रही है। वन अधिकारियों को मुखबिर से झारखण्ड के दो तस्करों द्वारा छत्तीसगढ़ में खपाने के उद्देश्य से यात्री बस से आने की सूचना मिली थी। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी श्रीकोट पहुंचकर यात्री बस के पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही यात्री बस पहुंची वन विभाग की टीम घेराबंदी कर मुखबिर की सूचना के आधार पर दो संदिग्धों को बस से उतारकर तलाशी ली तो उनके थैले में 3 किलो पैंगोलिन शल्क मिला तस्करों ने तस्करी में शामिल श्रीकोट निवासी महेन्द्र राम अगरिया आ.फेंकू राम (48वर्ष) एवं लातेहार के ग्राम गारू निवासी अमित कुमार आ.स्व.कृष्ण बहादुर सिंह (33 वर्ष) ने बताया कि मोटी कमाइ्र की लालच में उन्होंने लातेहार के ग्राम दलदलिया, गारू निवासी राजू उरांव से शल्क खरीदा था शल्क को बेचने आ रहे थे। मामले में आरोपियों के विरूद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

■ 6 सौ नग नशीली इंजेक्शन जब्त

एनडीपीएस एक्ट के मामले में बसदेई पुलिस टीम ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर चौकी बसदेई पुलिस ने 19 अक्टूबर को ग्राम सिरसी जूनापारा निवासी राही खान के कब्जे से 48 नग नशीली इंजेक्शन जब्त किया गया। पूछताछ आरोपी ने बताया कि ग्राम जमड़ी के पवन पाटील, मोहर मनियां, श्रावण पाटील तथा एक विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक से कई बार नशीली इंजेक्शन खरीद कर बिक्री हेतु लाया गया है। जिसके बाद पुलिस ने मोहर मनिया को पकड़ा जिससे 252 नग नशीली इंजेक्शन जब्त कर पवन पाटिल व एक विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक को पकड़ा गया। इसी क्रम में श्रावण पाटील को भी पकड़ा। प्रकरण में आरोपी द्वारा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

नशीली इंजेक्शन को विश्रामपुर के दिनेश राव उर्फ बबली एवं उसकी पत्नी सोनिया राव उर्फ बंटी से खरीदकर लाना बताया। प्रतिबंधित नशीली इंजेक्शन दवा को अरोपियों को अवैध रूप से अपने संरक्षण में बिक्री करना पाया। जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर दिनेश व सोनिया को पकड़ा जिनके कब्जे से 300 नग नशीली इंजेक्शन जब्त कर दोनों को गिरफ्तार किया गया था।

# आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध हो आपूर्ति

## कलेक्टर ने ली जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक लेकर जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत कार्यों को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत जलस्रोतों, टंकियों, पाइपलाइन एवं घरेलू नल कनेक्शनों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हांकित जलस्रोतों और पाइपलाइनों को शीघ्र चालू किया जाए तथा जिन क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाएं तैयार हो चुकी हैं, वहां जलापूर्ति को ऑपरेशनलाइज किया जाए। कलेक्टर श्री दुदावत ने करतला, कटघोरा एवं पोड़ी उपरोड़ा विकासखंडों में लंबित कार्यों को एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने टंकियों की फंक्शनल स्थिति सुनिश्चित करने तथा उनसे वास्तविक जलापूर्ति शुरू करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी ठेकेदारों से कार्य समय पर एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। जिन ठेकेदारों के अनुबंध निरस्त किए जा चुके हैं, उन्हें नियमानुसार ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। ग्राम पंचायतों में सोलर पंप के माध्यम से किए गए नल कनेक्शनों का सत्यापन कर वास्तविक लाभार्थियों तक जल पहुंच रहा है या नहीं, इसकी जांच के भी निर्देश दिए गए।

### दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में होगी आपूर्ति

कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में एफएसटीसी पूर्ण हो चुकी है और टंकी निर्माण हो गया है, वहां अगले एक माह में कम से कम 50 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करते हुए जलापूर्ति शुरू की जाए। उन्होंने पीवीटीजी (विशेष पिछड़ी जनजाति) बसाहटों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत वाटर सप्लाई टू हाउसहोल्ड कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए, ताकि दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों के परिवारों को भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## खबर संक्षेप



### किचन में निकला नाग, रेस्क्यू कर सुरक्षित छोड़ा गया जंगल

**कोरबा।** सिंगापुर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक घर के किचन में गैस सिलेंडर के पीछे फन फैलाए हुए नाग को बैठे देखा गया। नाग को देखकर घर की महिला अर्चना कंवर घबरा गईं और कुछ देर के लिए सन्न रह गईं। महिला ने तुरंत पड़ोसियों को सूचना दी, लेकिन कोई भी इस खतरनाक सांप को पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटा सका। इसके बाद वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम नोवा नेचर के जितेंद्र सारथी को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरी सावधानी व कुशलता के साथ नाग का सुरक्षित रेस्क्यू किया। विशेष उपकरणों की मदद से सांप को पकड़कर सुरक्षित थैले में रखा गया। रेस्क्यू के बाद घर के सभी सदस्यों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू के पश्चात नाग को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।

### ठेले व गुमटी संचालकों ने पूर्व मंत्री से लगाई गुहार

**कोरबा।** निगम क्षेत्र में छोटे-छोटे ठेले व गुमटी लगाकर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों ने पूर्व राजस्व मंत्री से मुलाकात कर उनके खिलाफ किए जा रहे कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की है। व्यवसायियों का कहना है कि वे पिछले 40-45 वर्षों से व्यवसाय कर अपने व अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। बालको प्रबंधन द्वारा व्यापारियों को ठेले-गुमटी को हटाने के लिये नोटिस दिया गया है। उक्त स्थान से ठेले-गुमटी को हटाने से हमारा व्यवसाय पूरी तरह से चौपट हो जायेगा। जिससे उनके सामने भूखों मरने की नौबत बन जायेगी।

### साइकिल योजना के तहत नव प्रवेशी छात्राओं को साइकिल का वितरण

**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हरदीबाजार में छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत कुल 19 नव प्रवेशी छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे। इस दौरान विधायक श्री पटेल सरस्वती साइकिल योजना के बारे में अपने संबोधन में विस्तार से जानकारी दी गई और छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में स्कूल आने तथा बीच में पढ़ाई नहीं छोड़ते की बात कही गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में चुलेश्वर राठौर, नरेश टंडन, व्यास राठौर, छोटेलाल पटेल, हीरालाल अहीर, पंकज धुर्वा, बजरंग यादव, मन्नू राठौर सहित प्राचार्य रमा उमा निधि, लक्ष्मण जायसवाल, विवेकानंद गोपाल, केशव यादव, ज्योति पटेल, आकांक्षा गुप्ता सहित कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कोरबी धतूरा में विवेकानंद की जयंती

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबी धतूरा में राष्ट्रीय युवा उत्सव दिवस पर स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद जी के तैलिया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्राचार्य बीरभद्र सिंह पैकरा द्वारा रासेयो के स्वयंसेवकों को संबोधन में उठो जागो और तब तक कार्य करते रहो, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। युवा वर्ग को आगे आने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। युवा दिवस कार्यक्रम के अवसर पर दीपक कुमार लहरे, सुरेंद्र कुमार राठौर द्वारा स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं को संबोधन करते हुए स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संजय सिंह राठौर, संजय कुमार साहू, आरआर श्रीवास, विजय कुमार जांगड़े, श्रीमती रश्मि तिवारी, दीप्ति सोनी, रविकांत मंढरिया, शंकर राठौर पीटीआई, अशोक जायसवाल, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी राजू प्रसाद सहित हो, विद्यालय के व्याख्याता, शिक्षक, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बिचौलियों पर रोक लगाने एवं पात्र किसानों का शत प्रतिशत धान खरीदे के दिए निर्देश

# धान खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने कलेक्टर का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था का जायजा लेते हुए कोरबा एवं करतला विकासखंड के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों में वास्तविक किसानों से धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समितियों को निर्देशित किया कि केंद्रों में आने वाले धान को अनिवार्य रूप से पलटी कराकर ढेरी लगाई जाए, नमी की जांच तथा पुराने एवं अमानक स्तर के धान की खरीदी पर पूर्णतः रोक लगाई जाए।

कलेक्टर ने भैंसमा, तिलकेजा एवं चिकनीपाली उपार्जन केंद्रों में चल रही खरीदी प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक एवं फड़ प्रभारियों से अब तक हुई खरीदी, पंजीकृत किसानों की संख्या, धान बेचने वाले किसानो की संख्या, जारी टोकन, धान उठाव एवं बारदाना उपलब्धता की विस्तृत जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान किसान से जानकारी लेते कलेक्टर।

साथ ही धान का नमी परीक्षण एवं वजन कराकर मौके पर भौतिक सत्यापन भी किया। उन्होंने निर्देशित किया कि पात्र किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने समिति में आए किसानों से संवाद कर टोकन प्राप्ति की प्रक्रिया, केंद्रों में उपलब्ध सुविधाएं, खेती की स्थिति, उगाए गए धान की किस्म एवं पैदावार की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान भैंसमा समिति में एक किसान के पास पुराना एवं अमानक स्तर का धान पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा अमानक धान को जब्त करने के निर्देश दिए गए। तिलकेजा उपार्जन केंद्र के निरीक्षण के दौरान खरीदी प्रक्रिया में गंभीर अव्यवस्थाएं पाए जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कार्य में लापरवाही बरतने पर समिति प्रबंधक दुल्ली चंद धीवर को निलंबित करने के निर्देश दिए।

### भौतिक सत्यापन के दौरान अवैध धान किया गया जब्त

तिलकेजा समिति में धान बेचने आए किसान युवराज सिंह के धान का प्रशासनिक टीम द्वारा निरीक्षण व भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान किसान के पास से बिचौलिये से प्राप्त अवैध धान भी विक्रय हेतु पाया गया। उक्त धान को नियमों के अनुरूप टीम द्वारा मौके पर ही जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई। कलेक्टर ने सभी समितियों में वास्तविक किसानों से धान क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बिचौलियों के धान बेचने में किसी प्रकार का सहयोग न करें। जिससे वास्तविक किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

# पूर्व राजस्व मंत्री ने श्रीराम कथा का किया श्रवण



कथा में उपस्थित पूर्व राजस्व मंत्री व श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इन दिनों शहर सहित उप नगरीय क्षेत्र दर्री जमनीपाली, बालको एवं कुसमुण्डा क्षेत्र में जगह-जगह अखण्ड नवधा रामायण एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। शहर के टीपी नगर क्षेत्र के वार्ड क्र. 4 मानस चौक राताखार में भी अखंड नवधा रामायण का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें प्रभु श्रीराम के भक्त कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर राजकिशोद प्रसाद एवं वार्ड पार्षद रवि चंदेल भी श्रीराम कथा श्रवण करने कथा स्थल पहुंचे। इस अवसर पर श्री अग्रवाल एवं श्री प्रसाद ने प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की मंगल कामना करते हुए कहा कि इस वार्ड में पिछले 25 वर्षों से प्रतिवर्ष अखण्ड नवधा रामायण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए आयोजन समिति बधाई के पात्र हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन से जहां माहौल भक्तिमय रहता है वहीं क्षेत्र में भातृत्व भाव की भावना भी जागृत होती है। उन्होंने कहा कि हमारी कामना है कि प्रभु श्रीराम आपके सभी मनोकामना पूरी करें। इस अवसर पर वेद प्रकाश दुबे, मोहन चंद्रा, चतुर देवांगन, शिव कुमार साहु गुरूजी, डॉ.संतोष पटेल, माधव पैकरा, विरेन्द्र पटेल, अश्वनी कुमार, अनिल विश्वकर्मा मानस मंडली के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे।

## शोभायात्रा...



कोरबा। मंकर संक्रांति के अवसर भगवान अय्यपा स्वामी की शोभायात्रा सीतामणी से निकाली गई। जो शहर के मुख्यमार्ग का भ्रमण करते हुए एसईसीएल अय्यपा मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# साईं बाबा की भक्ति और भजन में डूबा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री साईं बाबा सेवा समिति गांधी चौक की स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति ने गांधी चौक प्रांगण में साईं बाबा की पालकी विराजित कर पूजा आरती की गई। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर समिति के द्वारा गांधी चौक परिसर में साईं बाबा व हनुमान जी की पूजा-अर्चना, गणपति वंदना, आरती के पश्चात बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। गांधी चौक प्रांगण व नगर साईं बाबा के भजनों से गूंज उठा। महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया वहीं अंचल के प्रसिद्ध गायकों बसंत वैष्णव एवं ग्रुप, मो.अनीस, कृष्णा चौहान, संतोष साहू ने एक से बढ़कर एक बाबा के भजनों की प्रस्तुति देकर भाव विभोर कर दिया। महिला समिति के द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ भी किया गया। इस अवसर पर ब्रजेश अग्रवाल, केशर सिंह राजपूत, खुशाल चौहान, सन्नी सिंह राजपूत, राजेश संतरा, अशोक मखवानी, नान्हे जायसवाल, अमोद सागर, सत्यम आनंद, निखिल चौहान, अखिल चौहान, संतोष दास, अंकित आदिले, देवेन्द्र दास महंत, व्योम राजपूत, सुनील मांझी, मयंक वैष्णव, नवीन, सोनू बरेठ, रवि चौहान, पंकज सोनी, गोलू चौहान उपस्थित रहे।



# उड़ान द काइट फ्लाइंग फेस्टिवल एवं खिचड़ी वितरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मकर संक्रांति पर दान खिचड़ी, तिल, कंबल करना और पतंग उड़ाना खुशहाली और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जेसीआई एवं एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संयुक्त तत्वाधान में उड़ान द काइट फ्लाइंग फेस्टिवल एवं खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन घंटाघर स्थित मैदान में किया गया। इस उत्सव में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और बच्चों ने हिस्सा लेकर पर्व का आनंद उठाया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हितानंद अग्रवाल ने किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभी सदस्यों के साथ मिलकर गुब्बारों के साथ बंधी पतंग को आसमान में छोड़ा। इस दृश्य ने पूरे मैदान को उत्साह से भर दिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए जेसीआई और एयू बैंक के इस सामाजिक प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा बच्चों को पतंग एवं मांझा वितरित किया गया, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। मकर संक्रांति पर्व की परंपरा को निभाते हुए कार्यक्रम स्थल पर खिचड़ी का वितरण भी किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। जेसीआई के पदाधिकारियों ने बताया कि उड़ान महोत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा बढ़ाना और हमारी संस्कृति के पारंपरिक खेलों को जीवित रखना है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रतिनिधियों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ बजाज, सचिव निश्चल टमकोरिया, पूर्व अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, मोहित खटोर, राज अग्रवाल, आशीष टमकोरिया, उत्कर्ष अग्रवाल, जेसीआरटी अध्यक्षा अंशु अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तेज रफ्तार इको...

डे (42 वर्ष) पिता मानिक चंद्र डे एवं देवरीखर्दु तोरवा निवासी अरुण सेन (36 वर्ष) पिता बनारसी लाल सेन मंगलवार की रात लगभग 11 बजे अपने ईको वाहन क्रमांक सीजी 10 बीएफ 1673 में सवार होकर टेंट का सामान व रुम हीटर लेकर बिलासपुर से विश्रामपुर स्थित तातापानी महोत्सव में शामिल होने के लिए निकले थे। इसी दौरान सुबह लगभग 4.30 बजे मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर फॉरेस्ट बेरियर के समीप पहुंचे थे कि उनकी तेज रफ्तार ईको वाहन सीधे 40 फीट नीचे खाई में जा गिरी और वाहन में आग लग गई। जब तक पुलिस को हादसे की सूचना मिली और दमकल की टीम मौके पर पहुंची तब तक दोनों युवक पूरी तरह से जल चुका था। घटना की सूचना मिलते ही मोरगा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा और वैधानिक कार्यवाही कर जांच शुरु कर दी है।

### किसानों के जहर...

यहां यह बताना आचश्यक होगा कि हरदीबाजार तहसील के अंतर्गत कई ऐसे गांव हैं जो एसईसीएल के भूअर्जन में आ रहे हैं और इसके लिए उक्त क्षेत्र में जमीनों की खरीदी बिक्री भी व्यापक स्तर पर हुई है। जहर सेवन का दूसरा मामला मंगलवार को सामने आया था जहां डगनिया झांझ निवासी किसान ने रकबा रिकार्ड में सुधार नहीं होने को लेकर तहसील कार्यालय में ही जहर सेवन किया था। इसकी जांच के दौरान यह बात सामने आया है कि तहसील के बाबू और तहसीलदार के द्वारा किसान के आवेदन पर रिकार्ड को अपडेट करने की कार्यवाही की जानकारी किसान को दी गई थी। यह भी बताया गया था कि एक दो दिन में रिकार्ड अपडेट हो जाएगा। इसके बावजूद किसान ने उक्त कदम उठा लिया।

### नगर निगम...

आधिपत्य में नहीं है। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद लीज पर ली गई जमीन और आवासों को फ्री होल्ड करने की योजना शुरू की गई थी। इसका लाभ उठाने बड़ी संख्या में लोगों ने फ्री होल्ड कराया। जब नामांतरण के लिए आवेदन किया गया तो तहसीलदार ने इसमें रोक लगा दी थी। उनका कहना था कि यह जमीन रिकार्ड में सरकारी है। यही नहीं रजिस्ट्री पर भी रोक लगाई गई थी। जिसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने फ्री होल्ड को लेकर एक नया आदेश जारी किया। जिसमें कहा गया कि निगम अपने आधिपत्य की जमीन को फ्री होल्ड कर सकता है। निगम की कॉलोनियों की लीज पर ली गई खरीदी बिक्री तो शुरू हो गई, रजिस्ट्री भी हो रही है पर अभी भी मामला लटका हुआ था। दरअसल जब तक नगर निगम भूभाटक जमा नहीं करता लोगों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही थी। यही वजह है कि नगर निगम ने बकाया राशि जमा करने को लेकर कवायद शुरू कर दी है। निगम की एमआईसी बैठक में नजूल विभाग में बकाया राशि जमा करने संबंधी प्रस्ताव पर मोहर लगा दी गई है। एक सप्ताह के भीतर नगर निगम द्वारा नजूल विभाग में 3 करोड़ की राशि जमा कर दी जाएगी। जिसके बाद दोबारा फ्री होल्ड के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया जाएगा।

## युवा कांग्रेस के बैठक में पदाधिकारियों को किया गया चार्ज

# कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचारधारा : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युवा कांग्रेस के सदस्य कांग्रेस पार्टी के लिए रीढ़ की हड्डी है। कांग्रेस पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि यह एक विचारधारा है जो गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला और शोषित वर्ग के हक के लिए आवाज उठाता है। यह वह विचार है जिसने हमें आजादी दिलाई, सविंधान दिया और देश को विकास ही राह पर अग्रसर किया।

उक्त बातें पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कांग्रेस कार्यालय में बैठक के दौरान कही। युवा कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित सिंह पठानिया, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एवं कोरबा जिला प्रभारी पुष्पेन्द्र साहु ने टीपी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मंत्री, जयसिंह अग्रवाल, पीसीसी सचिव विकास सिंह एवं जिला कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ में युवा कांग्रेस की बैठक ली। इस दौरान सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि राज्य में विष्णु देव साय की सरकार फैल हो रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा इन सभी मामलों में सरकार फेल है। राज्य में किसान धान बेचने के लिए, मजदूर मनरेगा मे काम पाने के लिए भटक रहे हैं, भोजन के अधिकार के तहत मिलने वाला चांवल भी अनेकों परिवार को



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व राजस्व मंत्री।

नहीं मिल रहा है। वहीं ऐसे अनेकों महतारी बहनें हैं जिन्हें महतारी वंदन योजना का लाभ नहीं मिल रहा। पीसीसी सचिव विकास सिंह ने अपने उद्बोधन में कांग्रेस संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर अपना विचार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि आज हमें कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस के विचारधारा के तहत ज्यादा से ज्योदा युवाओं को जोड़ना होगा जिससे विरोधी ताकतों से हर स्तर पर सामना किया जा सके। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस का संगठन आज बेहद मज़बूत स्थिति में खड़ा है। कार्यकर्ताओं की ऊर्जा, प्रतिबद्धता और जमीनी जुड़ाव ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। आने वाले समय में युवा कांग्रेस और अधिक संगठित तरीके से, योजनाबद्ध रणनीति के साथ तथा जनहित के मुद्दों पर आक्रामक और प्रभावी भूमिका निभाते हुए कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि संगठनात्मक विस्तार से लेकर जनआंदोलनों तक हर मोर्चे पर युवा कांग्रेस अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराएगी। प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार हर स्तर पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि जनकल्याण की योजनाएँ ठप पड़ी हैं, बेरोज़गारी और महँगाई लगातार बढ़ रही है तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। ऐसे समय में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जनता की आवाज़ बनकर सड़क पर उतर रहे हैं और सरकार की नाकामियों के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जिला प्रभारी पुष्पेन्द्र साहु ने कहा कि जब-जब जनता के अधिकारों पर हमला होगा, युवा कांग्रेस उतनी ही मज़बूती से आंदोलन करेगी।

## कार्यों का ब्यौरा लेकर याचिकाकर्ता का दर्ज किया बयान

# डीएमएफ के कार्यों की जांच करने पहुंची अधिकारियों की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते एक वर्ष के दौरान डीएमएफ से प्रशासन द्वारा कराए गए कार्यों की जांच कराने को लेकर हाईकोर्ट में दायर की गई जनहित याचिका में सुनवाई करते हुए कोर्ट के निर्देश पर गठित जांच टीम के अधिकारी बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर डीएमएफ शाखा में पहुंचकर एक वर्ष के दौरान हुए कार्यों का ब्यौरा लिया और याचिकाकर्ता का बयान दर्ज करने की कार्यवाही की।

**खास बात**

- खदान से अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में अधिक काम स्वीकृत करने का आरोप


बयान दर्ज करने की कार्यवाही करते जांच टीम।

जिला प्रशासन के डीएमएफ शाखा द्वारा वर्ष 2024 से 2025 तक कराए गए कार्यों की जांच कराने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी चौहान के द्वारा भारत सरकार कोयला मंत्रालय को शिकायत की थी जिस पर राज्य के मुख्य सचिव को जांच के निर्देश दिए गए थे। मुख्य सचिव के द्वारा जांच के लिए बिलासपुर कमिश्नर को निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के परिपालन में बिलासपुर कमिश्नर के द्वारा जिला प्रशासन को जांच के निर्देश दिए गए थे। जब इस मामले में किसी तरह की कार्यवाही शुरु नहीं हुई तब सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी चौहान ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। इस याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अधिकारियों की टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश बिलासपुर कमिश्नर को दिए। कमिश्नर के द्वारा डिप्टी कमिश्नर हरिशंकर चौहान, स्मृति तिवारी सहित एक अन्य अधिकारी के नेतृत्व टीम गठित की गई। उक्त टीम के दो सदस्य श्री चौहान और स्मृति तिवारी बुधवार को कोरबा कलेक्टोरेट पहुंचे जहां बीते एक वर्ष के दौरान डीएमएफ से हुए कार्यों का ब्यौरा लिया और याचिकाकर्ता का बयान दर्ज करने की कार्यवाही की।

### गाइडलाइन के विपरीत कराए गए काम

डीएमएफ के लिए केंद्र और राज्य सरकार की गाइडलाइन है। उस गाइड लाइन के तहत खदान प्रभावित प्रत्यक्ष क्षेत्रों में ज्यादा काम कराया जाना था लेकिन प्रशासन के द्वारा अप्रत्यक्ष क्षेत्रों में गाइड लाइन के विपरीत ज्यादा काम कराए गए इसकी शिकायत कोयला मंत्रालय को की गई थी। उनके द्वारा प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी को जांच के निर्देश बिलासपुर कमिश्नर को दिए गए थे। किसी तरह की जांच नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। **-लक्ष्मी चौहान,** सामाजिक कार्यकर्ता

### अप्रत्यक्ष क्षेत्रों में ज्यादा काम कराए जाने की शिकायत

डीएमएफ फंड की शिकायत हुई थी। जिसके लिए जांच टीम बनी है। शिकायत के अनुसार खदान प्रभावित प्रत्यक्ष क्षेत्रो में ज्यादा काम ना कराकर अप्रत्यक्ष क्षेत्रों में ज्यादा काम कराकर लाभ दिया गया है। जो सरकारी गाइड लाइन के विपरीत है। इसके लिए जांच करने टीम पहुंची थी। शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया गया है जांच चल रही है। **हरिशंकर चौहान,** संभागीय डिप्टी कमिश्नर

**ये है मामला**

डीएमएफ के कार्यों को लेकर जो शिकायत की गई है उसके अनुसार केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा डीएमएफ के लिए जारी की गई है उक्त गाइड लाइन के तहत खदान प्रभावित प्रत्यक्ष क्षेत्रों में डीएमएफ से जितने काम कराया जाना था उतना काम प्रत्यक्ष रुप से प्रभावित क्षेत्रों और भूविस्थापितों के लिए नहीं किए गए अपितु अप्रत्यक्ष रुप से प्रभावित क्षेत्रों में और वहां निवास करने वाले लोगों के लिए कार्य किए गए हैं। जो केंद्र सरकार और राज्य सरकार के गाइड लाइन का विरोध है।

## अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**कोरबा।** जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुड़पार की है। यहां निवासरत दिलबहार सारथी 45 वर्ष पिता जगन्नाथ सारथी की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि दिलबहार सारथी की पिछले कुछ दिनों से तबीयत खराब है संभवतः उसी के चलते उसकी मौत हुई है। वहीं दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के मोतीसागर पारा बस्ती की है यहां निवासरत जनक राम पटेल उम्र 29 वर्ष पिता श्यामलाल पटेल ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखें कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था तबीयत बिगड़ने पर परिजनों उसे उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान जनकराम पटेल की मौत हो गई है।




# डीजल चोरों ने सीआईएसएफ की गाड़ी पर चढ़ाई गाड़ी, तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा खदान में घुसकर डीजल चोरी कर भाग रहे डीजल चोरों को जब सीआईएसएफ की टीम ने रोकने का प्रयास किया था तो डीजल चोरों ने सीआईएसएफ के चार पहिया वाहन को ठोकर मारकर फरार हो गए थे और उन पर हमला करने का प्रयास भी किया था। मामले में पुलिस तत्काल एक्शन मोड में आई और गंभीर धाराओं के तहत अपराधियों के खिलाफ अपराध पंजीकृत किया था और फरार अन्य आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही थी। पुलिस ने बुधवार को फरार तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जबकि मामले में अन्य फरार चल रहे आरोपियों के तलाश में जुटी हुई है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त डीजल व बोलेरो वाहन।

उल्लेखनीय है कि दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत कौशल किशोर मधुकर ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 12 जनवरी की रात्रि लगभग 1 बजे एसईसीएल दीपका खदान से नाजीर एवं अन्य डीजल चोरी करके बोलेरो वाहन से भागे है। उक्त रिपोर्ट पर थाना दीपका में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाज़ी की जा रही थी कि इस बीच दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी अपने घर पर छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी श्री साहू ने अपनी टीम के साथ दबिश दी और डीजल चोरी कर सीएसआईएसएफ की गाड़ी पर हमला करने वाले नोनबिर्रा दीपका निवासी टोबू उर्फ नजीर खान उम्र 25 वर्ष पिता सलीम खान, खल्लारी थाना पाली निवासी सालिक राम गोड़ उम्र 35 साल पिता बिरन सिंह गोड़ एवं नोनबिर्रा निवासी राकेश कुमार पटेल उर्फ निक्की उम्र 22 साल पिता लक्ष्मी प्रसाद पटेल को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 175 लीटर डीजल एवं घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को जप्त किया गया है। साथ ही अपराध में शामिल उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की पता तलाश जा रही है।







